Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for development of Jaimangalagarh in Begusarai district.

श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) : महोदय, बिहार राज्य के बेगूसराय जिले में जयमंगलागढ़ नामक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिस स्थल है, जो काबर झील में द्वीप सदृश्य अवस्थित है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध अपने 1200 शियों के साथ वहां आए थे और 24 घंटे का विश्राम किया था। उसे कोई सिद्ध पीठ मानता है, कोई पालवंशीय राजाओं के किला का होना बताता है। कई तरह की कथाएं कही जाती हैं। वैसे तो किले का अवशे ढांचा अब भी मौजूद एवं मजबूत है। किला के चारों तरफ तात्कालीन सुरक्षात्मक व्यवस्था स्वरूप विशाल खाई खुदी है, जिसमें असंख्य मछलियां तैरती रहती हैं। पक्षी कलरव करते रहते हैं। उसे देख कर कमल के फूल खिल-खिलाते दिखाई पड़ते हैं। बड़ा ही रमणीक, पूजनीय और दर्शनीय स्थल है। हर एक मंगल एवं शनिवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जमा होती है। प्रतिवा पहली जनवरी को नववोल्लास मनाने वालों की भीड़ लाख की सीमा पार कर जाती है किन्तु अभी तक इसे पर्यटन स्थल के रूप में घोित नहीं किया गया है।

अत: मेरा अनुरोध है कि सरकार उसे पर्यटन स्थल घोित कर उसके विकास हेतु समुचित धन की व्यवस्था करे।